# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-12.10.2024**

**विषय:- लोगों को पैसे का लालच देकर धोखाधड़ी करके अग्रीमेंट बनवाकर उनके ट्रैक्टरों को खदान मे लगवाने के मामले मे वांछित अभियुक्तगण 1-अनूप कुमार सिंह व 2-मुन्नालाल उर्फ घन्टु थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कुल 08 अदद ट्रैक्टर, 02 अदद ट्राली, 01 अदद रोटावेटर व 01 अदद बोलेरो बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना लोहता पुलिस पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 1-मु0अ0सं0 137/2024 धारा 419,420,406 भा0द0वि0 व 2-मु0अ0सं0 180/2024 धारा 420,406 भा0द0वि0 व बढोत्तरी धारा 411,467,468,471 भा0द0वि0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्तगण 1. अनूप कुमार सिंह पुत्र श्री निर्भय सिंह निवासी ग्राम दलपतपुर पोस्ट खमरिया थाना औराई जनपद भदोही व 2. मुन्नालाल उर्फ घन्टु पुत्र छन्नूलाल निवासी ग्राम पिलखिनी थाना लोहता जनपद वाराणसी को आज दिनांक-12.10.2024 को समय करीब 00.55 बजे दयापुर खण्डहरनुमा फैक्ट्री थाना लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से व उनकी निशानदेही पर कुल 08 अदद ट्रैक्टर, 02 अदद ट्राली, 01 अदद रोटावेटर व 01 अदद बोलेरो को बरामद किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन महोदय द्वारा 10,000/- रू0 पुरस्कार की घोषणा की गयी।**

**घटना का विवरण-** अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा 1-सुनील सिंह पुत्र गिरजा शंकर सिंह निवासी विशुनपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी तथा वादी 2-सुनील कुमार पुत्र आशाराम तिवारी निवासी भट्टी थाना लोहता जनपद वाराणसी व उनके साथ के अन्य कई लोगों के साथ धोखाधड़ी व जालसाजी कर कई ट्रैक्टर व ट्राली को प्रतिमाह करीब 15000/- से 25000/- रुपये एग्रीमेंट के तहत लालच देकर ट्रैक्टर ले जाकर अन्य जनपदों में गिरवी रख देने तथा बाद में वादी व उनके साथ के लोगों से सम्पर्क न रखने के सम्बन्ध में थाना लोहता मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 विशाल कुमार सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्तगण 1-अनूप कुमार सिंह व 2-मुन्नालाल उर्फ घन्टु ने उनके पास से बरामद ट्रैक्टरों के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि यह वही ट्रैक्टर हैं जो सुनील सिंह और सुनील कुमार तिवारी से एग्रीमेंट करके हम लोग ट्रैक्टर लिये थे। तत्पश्चात मुकदमे से सम्बन्धित अन्य ट्रैक्टरों के बारे में पूछा गया तो बताये कि कुछ ट्रैक्टर हम लोगों ने दयापुर नकई बार्डर के पास बंद पड़ी खण्डहर नुमा फैक्ट्री मे छुपाकर खड़े किये हैं, चलकर उन ट्रैक्टरो को आपको बरामद करवा सकते हैं। तत्पश्चात दयापुर खण्डहर में पहुँचकर अभियुक्तगणो ने अपने द्वारा खड़े किये गये 06 ट्रैक्टर, 02 ट्राली, 01 रोटावेटर व एक

बोलेरो को दिखाया तथा बताये कि यह वही ट्रैक्टर हैं जिन्हे हम लोग एग्रीमेंट व झांसे मे फसाकर कई लोगों से लेकर सुदूर जनपदों मे गिरवी रखकर कुछ पैसे ले लेते थे तथा इन्हीं में से कुछ ट्रैक्टर हम लोग नम्बर प्लेट बदल-बदल कर प्रयोग में लेते थे । जब आप लोगों द्वारा इन ट्रैक्टरों की बरामदगी हेतु विभिन्न जनपदों मे दबिश दी जाने लगी तब हम लोगों को जानकारी होने पर इन ट्रैक्टरों को वापस लाकर हम लोग यहीं इकट्ठा किये थे और मुफीद समय का इन्तजार कर रहे थे कि मुफीद समय मिलने पर किसी कबाड़ी के यहाँ बेचकर इन ट्रैक्टरो को कटवा देते ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. अनूप कुमार सिंह पुत्र श्री निर्भय सिंह निवासी ग्राम दलपतपुर पोस्ट खमरिया थाना औराई जनपद भदोही, उम्र करीब 35 वर्ष ।

2. मुन्नालाल उर्फ घन्टु पुत्र छन्नूलाल निवासी ग्राम पिलखिनी थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र करीब 34 वर्ष ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-** दयापुर खण्डहरनुमा फैक्ट्री थाना लोहता वाराणसी से, दिनांक-12.10.2024 को समय करीब 00.55 बजे ।

**बरामदगी का विवरण-**

**मु0अ0सं0 137/2024 धारा 419/420/406 भा0द0वि0 से सम्बन्धित बरामदशुदा ट्रैक्टर/वाहन का विवरण-**

1.वादी सुनील सिंह पुत्र गिरजा सिंह नि0 विशुनपुर लोहता वाराणसी की ट्रैक्टर नं0 UP65DE2714 व इससे अटैच एक लाल रंग की ट्राली

2.वादी के छोटे भाई अशोक सिंह पुत्र कैलाश सिंह नि0 विशुनपुर लोहता वाराणसी की ट्रैक्टर नं0 UP65DF2172

3.लालबहादुर यादव पुत्र बेचन यादव नि0 शहावाबाद रोहनिया वाराणसी की ट्रैक्टर नं0 UP65CC5928

4.मनोज यादव पुत्र शिवशंकर यादव नि0 भट्ठी लोहता वाराणसी की ट्रैक्टर नं0 UP65DC5620

5.बनारसी यादव पुत्र स्व0 कमला यादव निवासी कोईराजपुर हरहुआ बड़ागांव वारणसी रजि0 संख्या UP65BS1387 व इससे अटैच एक नीले रंग की ट्राली ।

**मु0अ0सं0 180/2024 धारा 420/406 भा0द0वि0 से सम्बन्धित बरामदशुदा ट्रैक्टर/वाहन का विवरण-**

1.वादी सुनील कुमार तिवारी पुत्र आशाराम तिवारी नि0 भट्ठी लोहता वाराणसी की ट्रैक्टर नं0 UP65EJ7123 व इससे अटैच केशरिया रंग का रोटावेटर

2.भोरिक यादव पुत्र मंगल नि0 भट्ठी लोहता वाराणसी की ट्रैक्टर नं0 UP65ER3792

**अन्य बरामदशुदा ट्रैक्टर/वाहन का विवरण-**

1.संजय कुमार पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह नि0 हरदरा कछवा मिर्जापुर की ट्रैक्टर UP63AC0976

2.बृजभूषण सिंह पुत्र कैलाशनाथ सिंह नि0 भट्ठी लोहता वाराणसी की बोलेरो संख्या UP65DE1213

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त अनूप कुमार सिंह पुत्र श्री निर्भय सिंह निवासी ग्राम दलपतपुर पोस्ट खमरिया थाना औराई जनपद भदोही-**

1.मु0अ0सं0 137/2024 धारा 419/420/406 भा0द0वि0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी ।

2.मु0अ0सं0 180/2024 धारा 420/406 भा0द0वि0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी ।

3.मु0अ0स0 291/2024 धारा 406 भा0द0वि0 थाना कोतवाली चुनावर जनपद मिर्जापुर ।

**अभियुक्त मुन्लालाल उर्फ घन्टु पुत्र छन्नुलाल नि0 ग्राम पिलखिनी थाना लोहता जनपद वाराणसी-**

1.मु0अ0सं0 137/2024 धारा 419/420/406 भा0द0वि0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विशाल कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अनुज कुमार शुक्ला थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 प्रवीण कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 प्रेम पंकज सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।









**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**